IIT INDORE...

# विश्वसनीयता बढ़ाती है वाइब्रेशन टेक्निक

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



इंदौर ◆ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में वाइब्रेशन मॉनिटरिंग टेक्निक पर दो दिवसीय वर्कशॉप का समापन हुआ।

इंडस्ट्री में मशीनों की उपलब्धता और विश्वसनीयता सुधारने में इस्तेमाल किए जाने वाली इस तकनीक को लेकर विशेषज्ञों ने स्टूडेंट्स से जानकारी साझा की। इस तकनीक को वर्तमान इंडस्ट्री में मशीन की खराबी पकड़ने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। स्टूडेंट्स को इसे अनुभव करने का भी मौका मिला। आइआइटी इंदौर के प्रो. आनंद पारे, प्रो. आरबी पचौरी और डॉ. पीके कंकर ने मेंटेनेंस के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे।

**Patrika (Indore), 19th March 2019, Patrika Plus, Page-15**